हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025



04 12 वर्ष पूर्ण होने पर जारी किए जाएं क्रमोन्नति...





07 शिकायत पर शिक्षकों की फर्जी अंकसूची की जांच...







## खबर संक्षेप

### दूसरी यात्रा तिरूपति के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे।

### 22 को किया जाएगा रक्तदान अभियान का कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर शहर के शिव शक्ति भवन अवधपुरी आगामी 22 अगस्त को विशाल रक्तदान अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मकुमारी एवं समाज सेवा प्रभाग के तत्वाधान में किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को रक्तदान अभियान में शामिल होने की अपील की।

### मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराये। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें।

### फसल खराब होने के बाद बीमा राशि नहीं मिलने से नाराज किसान कर रहे प्रदर्शन

# बीमा क्लेम न मिलने से फूटा गुस्सा नदियों में उतर कर किया जल सत्याग्रह

फसल बीमा योजना किसानों के लिए उम्मीद नहीं बल्कि आक्रोश का कारण बन रही है। कई किसानों को बीमा क्लेम उनकी प्रीमियम राशि से भी कम मिला। किसी को 100 रुपए तो किसी को 1100 रुपए तक ही भुगतान किया गया। किसान इसे सरासर धोखा बता रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर, भोपाल और शाजापुर जिले के टीलाखेड़ी, मुंगावली छोटी, लसूडिया खास और कोठरी गांव के किसान मंगलवार को जल सत्याग्रह में उतर गए। वे खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर नारे लगाते हुए नदी में खड़े रहे। किसानों का कहना है कि जब तक पूरा मुआवजा नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

#### पांच साल से लगातार तबाही

किसान समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा बताते हैं कि बीते पांच सालों से सोयाबीन और गेहूं की फसलें प्राकृतिक आपदा से लगातार बर्बाद हो रही हैं। कभी अतिवृष्टि, कभी सूखा और कभी ओलावृष्टि ने किसानों को कंगाल बना दिया, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**अनोखे विरोध और बढ़ती नाराजगी** : किसानों ने बार-बार अनोखे आंदोलनों से अपनी पीड़ा जताई है। कहीं पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाई तो कहीं झुनझुना बजाया। अब महिलाओं ने रैली निकालकर विरोध दर्ज किया और किसानों ने नदियों में जल सत्याग्रह शुरू कर दिया। किसान चेतावनी दे रहे हैं कि यह आंदोलन गांव-गांव फैलाया जाएगा।

**सरकार के दावे** : प्रदेश सरकार लाखों किसानों को बीमा राशि दिए जाने का दावा कर रही है। लेकिन किसानों का सवाल है कि जब तीन हेक्टेयर फसल पर महज 500 रुपए मिलते हैं तो यह कैसा मुआवजा है? किसानों का साफ कहना है कि वे अब पीछे नहीं हटेंगे और उचित हक मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।



# 10 लाख कीमत के पटाखों से भरे 72 कार्टून जब्त



**सीहोर।** जिले की भैरुंदा पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 10 लाख रुपये कीमती 72 कार्टून पटाखों को जब्त किया है। आरोपी इन्हें त्योहारों से पहले बाजार में खपाने की फिराक में था।

भैरुंदा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नसरुल्लागंज रोड स्थित ग्राम तिलाडिया में भवानीसिंह राजपूत के खेत पर बने शटर वाले कमरे में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर एसडीओपी रोशन जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

**शटर वाले कमरे से मिले पटाखे**:एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि टीम ने मौके पर दबिश दी तो कमरे में प्लास्टिक कार्टूनों में पटाखे भरे मिले। पूछताछ के दौरान भवानीसिंह राजपूत का हाली अनजान निकला, लेकिन थोड़ी देर बाद शैलेन्द्र यादव नामक व्यक्ति पहुंचा और पटाखों का मालिकाना दावा किया। पंचों की मौजूदगी में कार्टून खोले गए, जिनमें विस्फोटक पदार्थ भरे हुए पाए गए।

**लाइसेंस न दिखाने पर जब्त हुए पटाखे** :जब शैलेन्द्र यादव से पटाखे रखने और बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। ऐसे में पुलिस ने धारा 9(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 288 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सभी 72 कार्टून जब्त कर लिए।

**कार्रवाई में पुलिस टीम की सराहना** : इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश यादव, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण गौर, बीप्रआर भुवनेश्वर प्रसाद, आरक्षक मुकेश, आरक्षक निखिल, मआर प्रीति और आरक्षक मोहर सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी से सप्लाई चैन और अन्य संभावित साथियों की जानकारी जुटा रही है।

# नर्मदा नदी में रेत से भरी दो नावों की टक्कर होने से मजदूर डूबा, पुलिस-एसडीआरएफ का रेस्क्यू जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले के भैरुंदा थानांतर्गत ग्राम दिमावर में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नर्मदा नदी में रेत भराई का काम कर रही दो नावें आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में बिहार निवासी मजदूर नंदगौड़ (50) घायल हो गए और गहरे पानी में डूब गए।

इस हादसे के दौरान नाव में चार मजदूर सवार थे। जैसे ही नाव डूबने लगी, तीन मजदूर तुरंत छलांग लगाकर तैरते हुए किनारे पहुंच गए। लेकिन नंद जी नाव से टकराने के कारण गंभीर रूप से चोटिल हो गए और तैरकर बाहर नहीं निकल पाए।

#### सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची

घटना की जानकारी मिलते ही थाना भैरुंदा प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी और एसडीओपी रोशन कुमार जैन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कुछ ही देर में सीहोर से एसडीआरएफ की विशेष टीम भी पहुंची और सर्च अभियान संभाल लिया।



नंद गौड़

#### अब तक नहीं मिला लापता मजदूर


काफी मशक्कत के बाद भी नंद जी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार नदी में सर्चिंग कर रही हैं। स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर डटे हैं और बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं। हादसे के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी और शोक का माहौल है।

#### जांच जारी, सुरक्षा को लेकर सवाल

इस घटना ने नदी में हो रहे अवैध रेत खनन और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। मजदूर बिना किसी सेफ्टी उपकरण के गहरे पानी में काम कर रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मजदूर की तलाश में रेस्क्यू जारी है।

# धर्मांतरण मामले में नया मोड़! आरोपी जब्बार खान पर नपा का भी शिकंजा, 24 घंटे में भवन अनुज्ञा दिखाने का नोटिस

### धर्मांतरण मामले के बाद नगर पालिका का एक्शन



**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद अब नगर पालिका भी हरकत में आ गई है। पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद नगर पालिका ने मुख्य आरोपी जब्बार खान के घर 24 घंटे में भवन अनुज्ञा और भूखंड से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है। नपाकर्मियों ने जब्बार खान के घर पर यह नोटिस चस्पा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो** : वीडियो में नपाकर्मी यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि वे 10 मिनट से आवाज लगा रहे हैं, लेकिन घर से कोई बाहर नहीं आ रहा है। नगर पालिका ने साफ कहा है कि यदि 24 घंटे में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब्बार खान का मकान बिना भवन अनुज्ञा के बना है, जिसके बाद कार्रवाई तेज हो गई।

**एफआईआर के बाद अब नोटिसनजारी** : तीन दिन पहले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जब्बार खान के घर धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित होती मिली थीं। इस पर पुलिस ने जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा खान पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत एफआईआर दर्ज की। वहीं प्रार्थना सभा में शामिल एक पुलिसकर्मी को निलंबित भी किया गया है।

नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने बताया कि यदि आरोपी ने समय पर दस्तावेज नहीं दिए तो अगली कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी

### स्वस्थ यकृत मिशन के तहत फ्री फाइब्रो स्कैन कैंप आयोजित

**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में स्वस्थ यकृत मिशन के तहत फ्री फाइब्रो स्कैन कैंप आयोजित किया गया। कैंप में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के 109 मरीजों का फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा फाइब्रो स्कैन किया गया। इसके साथ ही इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। मरीजों को खानपान एवं जीवन शैली में सुधार करने की सलाह दी गई। ताकि लिवर सिरोसिस एवं लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सके। शिविर में जिला नोडल ऑफिसर डॉ राजेश कुमार एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर आरके सिंघल सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### 45 लाख रु. से बने आगंनबाड़ी भवन और दो बाउंड्रीवॉल का किया लोकार्पण

# बुजुर्गों से विधायक सुदेश राय ने कराया 50 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्रामीण बुजुर्गो को विधायक सुदेश राय ने बुधवार को सम्मानित किया उन्होने बुजुर्गो को पुष्प मालाऐं पहनाकर श्यामपुर शेखपुरा वहीदगंज में 50 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन बुजूर्गो के हार्थो से ही सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर में 45 लाख रूपये की लागत से बने आगंनबाड़ी भवन और दो बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। शेखपुरा में ग्रामवासियों के उपयोग के लिए 24 लाख 90 हजार रू से मांगलिक भवन बनेगा और श्यामपुर में स्थित चौपड़ा वाले हनुमान मंदिर में टीनशेड का निर्माण किया जाएगा।

**यह किया गया लोकार्पण** : सबसे पहले विधायक सुदेश राय श्यामपुर पहुंचे यह पर उन्होने पंद्रह लाख रूपये से बनी शमशान घाट की बाउंड्रीवाल और दस लाख रूपये से बन कर तैयार हुई चौपड़ा हनुमान मंदिर बाउंड्रीवाल सहित दस लाख रूपये से बनकर तैयार हुई सार्वजनिक धर्मशाला की बाउंड्रीवाल एवं नो लाख पचास हजार से बनकर तैयार हुए आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण कर निर्माण कार्य जनता को समर्पित किया। विधायक सुदेश राय ने कि अब आंगनबाड़ी भवन सरकारी भवन में लगेगा जिससे संचालन में कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को सहुलियत होगी और बच्चों के साथ माताओं को भी आंगनबाड़ी का लाभ सुलभता से प्राप्त होगा।



शमशान घाट,चौपड़ा हनुमान मंदिर और सार्वजनिक धर्मशाला के लिए बनाई गई बाउंड्रीवाल जहां सुरक्षा प्रदान करेगी वही उक्त स्थानों की सुंदरता भी बढेगी।

#### यह किया गया भूमि पूजन

जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों की उपास्थिति में विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर में बीस लाख रूपये की लागत से चौपड़ा वाले हनुमान मंदिर में बनने वाले टीनशेड और शेखपुरा में 24 लाख 90 हजार की लागत से बनने वाले मांगलिक भवन व पांच लाख से बनने वाले टीनशेड एवं एक लाख पचास हजार रूपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण सहित एक लाख पचास हजार रूपये से बनने वाले देवस्थल चबूतरा छत निर्माण एवं वहीदगंज में एक लाख पचास हजार के शमशान शेड निर्माण का भूमिपूजन ग्राम के बुजुर्गो के माध्यम से संपन्न कराया। कार्यक्रम में प्रमुख्र रूप से रमेश पाटीदार,फतेह सिंह ठाकुर,सत्यनारायण सोनी, सलीम मलखान, सुरेश पाटीदार समस्त सरपंच पंचगण एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया लाखों रुपए के विकास कार्य का भूमिपूजन

**सीहोर।** शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर है और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे। उक्त विचार बुधवार को लाखों की सौगात देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है। वार्ड क्रमांक 14 में विकास कार्य का भूमि पूजन के अलावा सुबह गंज स्थित करौली माता मंदिर के पास बन रही नए रोड के कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदारों को आवश्यक सुझाव दिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो और शहरवासियों को सुगम सुविधा मिल सके। यह रोड बनाना हमारे संकल्पों का साकार रूप है। जनता की सुविधा, सुगम जीवन, और समृद्ध भविष्य की दिशा में यह एक और मजबूत कदम है। हमारी प्राथमिकता सदैव आपकी सेवा और शहर का सर्वांगीण विकास रहा हैं। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा वार्ड क्रमांक 14 में लाखों रुपए के कार्य का भूमि पूजन करवाया। इस मौके पर वार्ड के पार्षद संतोष शाक्य, उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, विजेन्द्र परमार, कमलेश राठौर, अजय पाल सिंह राजपूत, मांगीलाल मालवीय के अलावा सहायक इंजीनियर विजय कोली के अलावा नगर पालिका का अमला, क्षेत्रवासी शामिल थे।



वार्ड क्रमांक 14 के अंतर्गत 5 लाख 68 हजार से चंद्रशेखर के घर से प्रकाश कुशवाहा के घर तक के सीसी रोड के निर्माण कार्य, 12 लाख 35 हजार से राजेन्द्र पांडे के घर से फारेस्ट आफिस तक सीसी रोड, इसके अलावा 15 लाख से अधिक एक अन्य मार्ग का भूमि पूजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### क्षमाबाई को दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम मुंगावली निवासी नर्बदा प्रसाद सोलंकी, जियालाल एवं कांग्रेस जिला सचिव माखन सिंह सोलंकी की माता का आकस्मिक निधन हो जाने पर सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा शोकाकुल परिजनों ने स्वर्गीय क्षमाबाई के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये एवं दो मीनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा।

## प्रांतीय शिक्षक संघ ने क्रमोन्नति के संबंध में सौंपा ज्ञापन

# 12 वर्ष पूर्ण होने पर जारी किए जाएं क्रमोन्नति वेतनमान आदेश

ज्ञापन में मांग की गई कि प्राथमिक, माध्यमिक एवम उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान आदेश शीघ्र जारी किये जायें। नवीन भर्ती के समस्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण आदेश जारी किए जाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रांतीय शिक्षक संघ के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर के नाम सहायक संचालक सलोनी शर्मा को शैक्षणिक संवर्ग की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नवीन शैक्षणिक संवर्ग प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की सहानुभूति पूर्ण समस्याओं का निराकरण किया जाये।

ज्ञापन में मांग की गई कि प्राथमिक, माध्यमिक एवम उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम क्रमोन्नति वेतनमान आदेश शीघ्र जारी किये जायें। नवीन भर्ती के समस्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण आदेश जारी किए जाएं। काफी समय से लम्बित चिकित्सा प्रतिपूर्ती प्रकरणों का निराकरण किया जाए। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि अन्य जिलों में उपरोक्त आदेश जारी कर दिये गये है। इसी तरह सीहोर जिले में भी शीघ्र आदेश जारी किये जाएं। इस अवसर पर कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, बद्री प्रसाद वर्मा, विनोद प्रजापति, मोहम्मद शफी, अर्जुन सिंह, राजेश तिवारी, गोपाल कृष्ण त्यागी, जितेन्द्र शर्मा, चन्दर सिंह वर्मा, शाहिद अफजाल, जितेन्द्र सकवालिया, मांगीलाल विश्वकर्मा, नितेश जायसवाल, आलोक श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र मालवीय, मीना यादव, भारती वर्मा, टीना ठाकुर, अल्ताफ खान, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, अमित जोशी, अनिल वर्मा, रवि मालवीय, मुकेश मालवीय, शरद मालवीय, शांतिलाल सूर्यवंशी, दीप सिंह मालवीय, तिलक वर्मा, विनोद खाती, नन्दकिशोर पटेल, नीरज विश्वकर्मा, एस.आर.बरखने, मुकेश बैरागी, कमलेश वर्मा, राजेश मेवाड़ा, कपिल बिसोपिया आदि उपस्थित थे।

# श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा पर की जाए कठोर कार्रवाई: पंकज शर्मा

**कांवड़ यात्रा में हुई अव्यवस्थाओं को लेकर मानव अधिकार आयोग में सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा द्वारा 6 अगस्त को सीहोर में निकाली गई कांवड़ यात्रा में बदइंतजामी के चलते हुई मौतों तथा खुलेआम डीजे बजाकर शासन के निर्देशों की अवहेलना को लेकर सीहोर सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वरधाम में पिछले 5 वर्षों में समिति की अव्यवस्थाओं और भगदड़ के चलते हुई मौतों और घायलों के सही आंकड़े पता करके इसमें समिति और प्रदीप मिश्रा की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

उन्होंने वहां पिछले 5 वर्षों में हुई सभी दुर्घटनाओं की न्यायिक जांच कराकर समिति और प्रदीप मिश्रा की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पंकज शर्मा ने मृतकों और पीड़ितों के परिजनों को समिति द्वारा उचित मुआवजा दिलाए जाने तथा भविष्य में पर्याप्त इंतजाम करने और ऐसी घटनाएं ना होने का शपथ पत्र लेने की भी मांग की है और यदि भविष्य में वहां ऐसी कोई घटना होती है, तो समिति का पंजीयन रद्द कर उसकी सारी संपत्तियां राजसात की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा है कि समिति एक निजी संस्था है और अपने व्यक्तिगत हितों के लिए कार्य करती है, लेकिन इसके आयोजनों के दौरान पूरा प्रशासनिक अमला और पुलिस यहां लगा रहता है और सीहोर सहित आसपास के जिलों की प्रशासनिक और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है और बड़ा ट्रैफिक जाम लगने से भी लोगों को काफी परेशानी होती है, विशेषकर एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड इसमें अगर फंस जाते हैं, तो बड़ी दुर्घटना होने की पूरी जिम्मेदारी समिति की होनी चाहिए तथा सरकार के निर्देशों के बाद भी खुलेआम एक दर्जन से भी अधिक डीजे बजाकर कानून का उल्लंघन करने पर भी समिति और प्रदीप मिश्रा पर मुकदमा कायम किया जाना चाहिए। इसके अलावा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त संख्या में शौचालय ना बनाए जाने से तथा खाद्य सामग्री सहित अन्य कचरे के निपटान के लिए उचित प्रबंध ना किए जाने से वहां काफी गंदगी हो रही है, जो बारिश के पानी के माध्यम से जमीन में तथा आसपास के नदी-नालों में मिलकर नजदीकी गांवों में बीमारी और महामारी का कारण भी बन सकती है और इससे सरकार के स्वच्छ भारत मिशन की भी खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं और दुर्भाग्य की बात ये है कि ऐसे गंदगी फैलाने वाले व्यक्ति को सीहोर नगरपालिका ने स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बना रखा है, जो समझ से परे है।

सीहोर नगरपालिका तत्काल उनको स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के पद से हटाए और किसी अन्य योग्य व्यक्ति को ये जिम्मेदारी सौंपे। पंकज शर्मा ने आगे से इस समिति के आयोजनों में सरकारी अमला ना लगाने और समिति द्वारा अपने स्तर पर ही सारी व्यवस्था करने और पिछले वर्षों में लगाए गए सरकारी अमले के लिए समिति से राशि वसूलने की मांग भी की है। उन्होंने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के माननीय अध्यक्ष से इस बारे में सीहोर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पीड़ित मानवता की सेवा ही कांग्रेस का लक्ष्य: जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती



**सीहोर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81 वी जयंती के अवसर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सीहोर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राजीव गांधीजी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये गये। इसके बाद राजीव गुजराती ने सर्व प्रथम रक्तदान कर रक्तदान कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें विवेक राठौर, हर्षदीप राठौर, घनश्याम यादव, अजय रैयकवार, तारा यादव, दिव्यांश मालवीय, तनिष्क त्यागी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर श्री गुजराती ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना पीड़ित मानवता की सेवा है, रक्तदान करने से किसी मरीज की जान तो बचाई ही जा सकती है, वहीं जो युवा रक्तदान करता है, उसका ब्लड सर्कुलेशन भी बना रहता है। समय-समय पर हर युवा वर्ग को रक्तदान करना चाहिये ताकि जरूरत पडने पर वह रक्त किसी मरीज के काम आ सके। श्री गुराजती ने देश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा देश के विकास एवं युवाओं के लिये कई अस्मरणीय कार्य किये गये। श्री गांधी जी को दूरसंचार क्रांति का जनक कहा जाता है। यह राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लाई, आज जिस डिजिटल इंडिया की चर्चा है, उसकी संकल्पना राजीव गांधी अपने जमाने में कर चुके थे।

### स्वास्थ्य व मलेरिया विभाग ने प्रारंभ की विशेष जागरूकता पहल

**सीहोर।** विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जिले के स्वास्थ्य एवं मलेरिया विभाग द्वारा ₹स्वास्थ्य संवाद एक कदम स्वास्थ्य की ओर₹ नामक एक विशेष पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाना और उपाय बताकर जागरूक करना है। ताकि जिले को डेंगू मुक्त बनाया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती क्षमा बर्वे ने बताया कि मच्छरों से होने वाली बीमारियों को जागरूकता और सतर्कता से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए पानी को इकट्ठा न होने दें तथा घर के आस-पास सफाई रखें और मच्छर रोधी उपाय अपनाएं।

## मनुष्य की इच्छापूर्वक की गई क्रियाएं ही कर्म हैं: आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी



**सीहोर।** मनुष्य द्वारा इच्छापूर्वक की गई क्रियाओं को कर्म कहते हैं।शुभ-अशुभ प्रकार के मिश्रित कर्मों के तीन भेद हैं।

यह उदगार बिजनौर उ.प्र. से पधारे आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने महर्षि दयानंद मार्ग गंज स्थित आर्य समाज मंदिर में बुधवार को जारी वेदप्रचार सप्ताह के प्रातः कालीन सत्र में व्यक्त किए।यज्ञ उपरांत व्याख्यान में आचार्य वेदार्थी ने कर्म रहस्य को खोलते हुए आगे कहा कि मनुष्य के कर्मों के दो प्रभाव होते हैं।कर्म का प्रभाव,कर्ता पर भी होता है। अपने कर्म से दूसरों को लाभ पहुंचाना पुण्य कर्म हैं,जबकि अन्य को हानि पहुंचाना,पापकर्म हैं।कर्म के दूसरे प्रभाव से वह कर्ता के अन्तःकरण पर छप जाते हैं,इन्हें संस्कार कहते हैं, यही उभरकर पुनः क्रिया के रूप में सामने आते हैं जिससे संस्कार द्रढ होते हैं,कर्म और संस्कारों का यह चक्र चलता रहता है,इनकी पुर्नाव्रति से वह स्वभाव रूप में परिणित होजाते हैं,हमाराकर्त्तव्य है,कि सदा अच्छे कर्मों से अपने अच्छे स्वभाव को बढ़ायें और बुरे कर्मों को छोड़कर गलत स्वभाव को हटायें । आचार्य वेदार्थी ने कहा कि मनुष्य के कर्म और उनके फल सर्वज्ञ ईश्वर के ज्ञान में सदा विद्यमान रहते हैं। परमेश्वर के न्याय में कोई त्रुटि नहीं होती है हमें कर्मानुरूप ही फलों की प्राप्ति होती है अतः सदा शुभ कर्म करने चाहिये। आर्य भजनोपदेशक पण्डित भीष्म आर्य ने ईश्वर भक्ति व राष्ट्र भक्ति के भजन व गीतों को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का संचालन आर्यसमाज के प्रधान आर्य नरेश राठौर ने किया।

कार्यक्रम में उप प्रधान तरूण जगवानी,मंत्री रितेश आर्य,वैदिक प्रवक्ता संतोष सिंह,रमेश राठौर,राजेन्द्र राठौर, रामस्वरूप गौर,राजकुमार राठौर बाबूलाल राठौर, मा.रामदयाल, सहित बड़ी संख्या में आर्यजन महिलाएं श्रद्धालु उपस्थित थे।अंत में शांति पाठ व जयघोषों से कार्यक्रम का समापन हुआ।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित



**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में एडीआर भवन के सभाकक्ष में न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं, अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने का आह्वान किया और प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण का विकल्प अपनाना चाहिए एवं पक्षकारों को लाभान्वित करना चाहिए। बैठक में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल ने उपभोक्ता आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से चर्चा कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करने के लिए कहा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही नेशनल लोक अदालत की आगामी बैठकों के सम्बंध में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश संजय गोयल, स्मृतासिंह ठाकुर, एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव राजेश वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल्स आदि उपस्थित थे।

## गौ प्रेमी एलम सिंह परमार ने मनाया अपनी गोरी का जन्मदिन




**सीहोर।** अक्सर आपने देखा होगा नेताओं के प्रेमी या उनके चाहने वाले नेताओं का जन्मदिन धूमधाम से मनाते हैं लेकिन सीहोर के ढाबा संचालक एलम सिंह परमार गायों के प्रति अपना प्रेम एक अलग ही रूप से रखते हैं उन्होंने अपनी गाय गोरी 1 वर्ष की हुई तो उसका जन्मदिन बड़ी धूमधाम से अपने ढाबे एवं रेस्टोरेंट पर मनाया और सभी लोगो को भोजन भी करवाया इस अवसर पर क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में गोरी का जन्मदिन मनाया गया अक्सर आपने देखा होगा नेताओं के जन्मदिन तो हर कोई मानता है लेकिन एलम सिंह परमार ने एक अलग ही अंदाज में गौ माता के प्रति अपना प्रेम दिखाते हुए गोरी का जन्मदिन मनाया यही नहीं हर दिन एलम सिंह परमार गौरी की पूरी देखभाल करते हैं पूरे घर और आंगन तक गोरी का ख्याल रखा जाता है गोरी इनके घर मे अंदर ही रहती है और उसको हर वो सुविधा दी जाती है जो एक आम आदमी या आम व्यक्ति को दी जाती है गोरी के लिए घर में टीवी भी लगाया गया है जो अक्सर टीवी देखती है।

# उत्कृष्ट सीहोर के मेधावी छात्र नर्मदापुरम में सम्मानित




**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1,सीहोर की दो मेघावी छात्राओं कु. ज्योति वर्मा और कु. महक रघुवंशी को एसबीआई की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी योजना के तहत रीजनल ऑफिस नर्मदापुरम में एसबीआई मैनेजर द्वारा एक भव्य आयोजन में उक्त छात्राओं को सम्मानित कर लैपटॉप प्रदान किए गए। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करना था। इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं जिला समन्वयक प्राचार्य श्रीमती सुनीता जैन मैडम ने कहा किएसबीआई की इस पहल से निश्चित रूप से विद्यार्थियों को लाभ होगा और वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना पाएंगे।

रीजनल मैनेजर राजेश कुमार, उपेंद्र सिंह मुख्य शाखा प्रबंधक, शुभम खरे उप प्रबंधक, प्रतीक्षा शर्मा ग्राहक सहायक एवं काउंसलर द्वारा एसबीआई की सीएसआर पहल व एसबीआई ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी योजना के तहत इस आयोजन में विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए गए।

विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता डॉक्टर राजेंद्र देश मुख, व्याख्याता डी के राय सर, व्याख्याता पाठक, संतोष सोनी सर, दिनेश मेवाड़ा, डॉ. देवेन्द्र साहू, वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति पाबिया मैडम, सविता ठाकुर मेडम, रुचि लोवानिया मैडम एवं समस्त स्टाफ द्वारा, एसबीआई की हितकारी योजना की प्रशंसा की है। उक्त आयोजन और शिक्षा को बढ़ावा देकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने हेतु, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डी पी सी, आर आर उईके, ए पी सी संजय सिंह जादौन ने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है, साथ ही स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं, बधाई प्रेषित की है।

**विद्यार्थियों को आपसी सौहार्द व भावनात्मक एकता की दिलाई शपथ**

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सद्भावना दिवस व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। साथ ही सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों को आपसी सौहार्द एवं भावनात्मक एकता की शपथ दिलाई गई।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य महोदय के बीज वकतव्य के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, सौहार्द, एवं सामाजिक एकता बनाए रखने का आग्रह किया। अपने वकतव्य में उन्होंने नव-प्रवेशित स्वयंसेवकों को पूर्ण प्रतिबद्धता से राष्ट्रीय सेवा योजना में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले आप' की व्यापक व्याख्या उन्होंने विद्यार्थियों से साझा की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आमिर एजाज़ ने सद्भावना दिवस के महत्व को इंगित करते हुए स्वयंसेवकों से आह्वाहन किया कि वे राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहें। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा नव-प्रवेशित स्वयंसेवकों को एनएसएस के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। उन्होंने वातावरण निर्माण, रासेयो संबंधी जानकारी तथा व्यक्तित्व विकास संबंधी विषय पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन एवम् मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, छात्रा इकाई डॉ मौली थॉमस के द्वारा किया गया। छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजन खत्री के द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आज खेला जाएगा प्रतियोगिता का सेमीफाइनल पहला मैच सीहोर-मंडल और दूसरा मैच इंदौर-धार




**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता श्री स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की करीब 16 टीम शामिल हुई। इसमें चार टीम ने लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान प्राप्त किया। अब गुरुवार को शहर के चर्च मैदान पर प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को शहर के चर्च मैदान पर पहला मैच दोपहर एक बजे सीहोर-मंडला के अलावा दूसरा मैच इंदौर-धार के मध्य दोपहर तीन बजे खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीम शामिल थी। अब गुरुवार को चार टीम मुकाबले में शामिल होगी।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने डीएलएड, डीएड की मार्कशीट जांच के लिए संबंधित बोर्ड को भेजी

# शिकायत पर शिक्षकों की फर्जी अंकसूची की जांच शुरू, मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे 9 शिक्षक

### *सही जांच हुई तो कई शिक्षकों की नौकरियों पर आ सकता है संकट, लीपा-पोती की संभावना से नहीं इंकार*





कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ जिला राजगढ़
क्र./सी.एम.डे./2025/3271 राजगढ़, दिनांक 18.08.2025
प्रति,
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी(समस्त),
जिला – राजगढ़
विषय :– फर्जी डीएलएड/डीएड अंकसूची से सम्बंधित लंबित शिकायतों के संबंध में।
—000000—
विषयान्तर्गत लेख है कि निम्न 21 शिकायतें आपकी ओर प्रेषित है इन शिकायतों में उल्लेखित शिक्षकों को दिनांक 19.08.2025 दोपहर 0200 बजे जिला शिक्षा कार्यालय राजगढ़ में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।
अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि उक्त शिक्षक अपने दस्तावेजों की जाँच नहीं करवाना चाहते है।

| क्र. | शिक्षक का नाम | ब्लॉक | शाला का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.जैतपुरा(23300211001) |
| 02 | श्री ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.बैरियाखेडी |
| 03 | श्री जगदीश दांगी | ब्यावरा | [illegible] |
| 04 | श्री बसंत शिवहरे | ब्यावरा | शा.प्रा.वि. कांसोर खुर्द |
| 05 | श्री राहुल यादव | ब्यावरा | शा.मा.वि.पतलापानी |
| 06 | श्री नेम सिंह मीना | ब्यावरा | [illegible] |
| 07 | श्री हेमंत शर्मा | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.भगवतीपुर |
| 08 | श्रीमती राधा दांगी | ब्यावरा | शा.उ.मा.वि.खजुरिया |
| 09 | श्री जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा.मा.वि.पाडली महाराजा |
| 10 | श्रीमती सावित्री दांगी | ब्यावरा | शा.मा.वि.पाडली महाराजा |
| 11 | श्री बनेसिंह मीना | ब्यावरा | [illegible] |
| 12 | श्री भारत सिंह यादव | ब्यावरा | शा.प्रा.वि.आगर |
| 13 | श्री रमेश चंद | ब्यावरा | [illegible] |
| 14 | श्री हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा | [illegible] |
| 15 | श्री मुकेश मीना | ब्यावरा | [illegible] |
| 16 | श्री पवन शर्मा | ब्यावरा | शा.मा.वि.आगर |
| 17 | श्री सुनील प्रजापति | ब्यावरा | [illegible] |
| 18 | श्री मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर | [illegible](23300502901) |
| 19 | श्री भेरूलाल दांगी | जीरापुर | [illegible] |
| 20 | श्री राजमल दांगी | सारंगपुर | [illegible] |
| 21 | श्री हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ़ | [illegible] |

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 18 अगस्त को समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जारी एक सूचना पत्र द्वारा संबंधित शिक्षकों को डीईओ कार्यालय में 19 अगस्त मंगलवार को 2 बजे उपस्थित होकर अपने डीएलएड व डीएड की अंकसूची की जांच करवाना थी। जिला अधिकारी ने यह आदेश इस लिए निकाली की उनके पास संबंधित शिक्षकों की अंकसूची की जांच को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी इसी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया था परंतु इसमें कहा कमी रह गई की जहां आज 21 शिक्षकों को मौजूद होना था वहां पर मात्र 9 शिक्षक ही मौजूद हो पाए इससे समझा जा सकता है कि शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी का आदेश भी शिक्षक किस स्तर से लेते है। जिन 9 शिक्षकों की अंकसूचियां पर संदेह लगा उन्हें संबंधित बोर्ड या यूनिवर्सिटी को सत्यापन के लिए भेज दिया गया है।

### आज भी होगीं अंकसूचियां चेक

जिला शिक्षा अधिकारी करन सिंह भिलाला का कहना है कि हमने एक दिन की ओर छूट दी है कि संबंधित शिक्षक आए और अपनी अंकसूचियों की मूल प्रति दिखाए जिससे जांच के उपरांत शिकायतों को दूर किया जा सके परंतु शिक्षकों की लापरवाही इस मामले को ओर बडा रही है। कई शिक्षाविदों का कहना है कि यदि एक दशक पूर्व हुई शिक्षक भर्तियों की जांच की जाए तो ब्यावरा ब्लॉक में चैकानें वाले मामले सामने आ सकते है।

### इन शिक्षकों की अंकसूची पर मिल रही हैं लगातार शिकायतें

यह वहीं शिक्षक है जिनकी नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें विभाग के पास पहुंची है और इनकी अंकसूची को लेकर संदेह जताया जा रहा है। जिनकी डीएलएड और डीएड को लेकर संदेह ज्यादा है जिसको लेकर जिलाशिक्षाधिकारी ने मूल दस्तावेज के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

**इनका कहना है**

संबंधित शिक्षकों को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिलने के कारण मूल दस्तावेजों की जांच की जा रही है और संदेह होने पर बोर्ड या यूनिवर्सिटी का सत्यापन भी मांगा जा रहा है।

**करन सिंह भिलाला**, जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़

| शिक्षक का नाम | ब्लॉक |
|---|---|
| राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा |
| ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| बसंत शिवहरे | ब्यावरा |
| राहुल यादव | ब्यावरा |
| नेमसिंह मीना | ब्यावरा |
| हेमंत शर्मा | ब्यावरा |
| राधा दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| सावित्री दांगी | ब्यावरा |
| बनेसिंह मीना | ब्यावरा |
| भारत सिंह यादव | ब्यावरा |
| रमेश चंद्र | ब्यावरा |
| हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा |
| मुकेश मीना | ब्यावरा |
| पवन शर्मा | ब्यावरा |
| सुनील प्रजापति | ब्यावरा |
| मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर |
| भेरूलाल दांगी | जीरापुर |
| राजगल दांगी | सारंगपुर |
| हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ़ |

## बैठक में लिया निर्णय

# खोयरी मंदिर पर बंदरों का आंतक रोकने लगेंगी स्टील की जालियां



**राजगढ़।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव धाम पर श्रावण मास सहित अन्य दिनों में अनेकों श्रृद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। समूचे मंदिर परिसर के आसपास चूंकि वन्य क्षेत्र है, ऐसे में यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बंदर आकर उत्पात मचाते हैं। इन बंदरों के कारण मंदिर आने वाले श्रृद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी बंदरों के झुंड श्रृद्धालुओं के हाथ से पूजा-सामग्री छुड़ाकर भाग जाते हैं तो कभी श्रृद्धालुओं को ही चोटिल कर दिया करते हैं। ऐसे में खोयरी महादेव मंदिर समिति पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर को स्टील की जालियों से पूरी तरह कवर्ड करने धर्मस्व विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय की जानकारी सभी के सम्मुख प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही ट्रस्ट में अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने पर भी चर्चा की गई। इस वर्ष ट्रस्ट से 38 नए सदस्य जुड़े हैं। बैठक में ट्रस्टी अशोक गुप्ता, मुकेश विजयवर्गीय, डॉ. देवनारायण जोशी, कमल सिंह तंवर, हरिसिंह दांगी, पं. हेमेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह झाला, पुरुषोत्तम सोनी, दीपक शर्मा, राम विजयवर्गीय, प्रबंधक केसी कोसरवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्माण कार्यों को गति देने नपा से किया आगृह

खोयरी महादेव मंदिर परिसर में नगर पालिका द्वारा विकास कार्य भी करवाए जा रहे हैं लेकिन यह कार्य काफी धीमी गति से हो रहे हैं। ऐसे में नपा प्रबंधन से आगृह किया गया है कि विकास कार्यों में गति लाई जाए। बैठक में दौरान खोयरी मंदिर के 40 वर्षों के सेवादार रहे चैनसिंह के निधन पर उन्हें श्रृद्धांजली भी अर्पित की गई। बैठक उपरान्त मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया।

## एसडीएम कार्यालय में हितग्राहियों की नहीं सुनी गुहार

# औपचारिक बनकर रह गई जनसुनवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिला व तहसील तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई लगाने का नियम है,ताकि आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके, लेकिन खिलचीपुर क्षैत्र के एसडीएम कार्यालय से लेकर क ई विभागों तथा ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई औपचारिक मात्र रह गई है ,वहीं आम जन दफ्तरों में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु चक्कर लगाते हुए दिखाई देते हैं।

शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई लगाना अनिवार्य है लेकिन खिलचीपुर में आज मंगलवार को एस डी एम कार्यालय में जनसुनवाई नहीं लगी ओर आस-पास क्षैत्र के आम जन निराश होकर दबे पैर शासन को कोसते हुए अपने -अपने घर लौट गये। अब इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि खिलचीपुर क्षैत्र के अन्य विभागों व ग्राम पंचायतों के क्या हाल होंगे।

**इनका कहना है**

में आंगनवाड़ी की मीटिंग में थी। इस वजह से जनसुनवाई नहीं लग पाई।

**अंकिता जैन,**
**एस डी एम खिलचीपुर**




## गतका प्रतियोगिता में संभाग स्तर एवं राज्य स्तर पर हुआ चयन

**ब्यावरा।** संभागीय स्तरीय गतका प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. ब्यावरा विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय की कक्षा 9जी की छात्रा पायल मैहर और कक्षा 10 का छात्र रघुवीर धनगर का चयन राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब यह दोनों विद्यार्थी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी अक्टूबर माह में भोपाल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी, समिति के सचिव अशोक दांगी, प्राचार्य राजीव यादव, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र सिंह झाला एवं खेल शिक्षक किशन बैरागी एवं कोच आयुष मेवाड़े , संरक्षक प्रीति शुक्ला दीदी ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से हर्ष का वातावरण है। विद्यालय परिवार आगामी खेल के लिए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**समस्याओं को हल करने 1 हफ्ते का दिया अल्टीमेटम**

# लीड महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कहने तो राजगढ़ कॉलेज जिले का लीड महाविद्यालय कहलाता है परन्तु विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिहाज से बात करें तो यहां कईं तरह की अव्यवस्थाएं एवं कमियां व्याप्त हैं। इस अव्यवस्थाओं के चलते विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्राचार्य विपिन बिहारी खरे को मंगलवार दोपहर एक ज्ञापन सौंपा।


ज्ञापन में उल्लेख है कि कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों को अपने डॉक्यूमेंट जमा करने एवं कक्षाओं में जाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। इसके साथ ही कॉलेज की अन्य समस्याओं का जिक्र उक्त ज्ञापन के माध्यम से करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिवस में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एबीवीपी उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर अभाविप नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, सहमंत्री आकाश, कॉलेज अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत, सोनू दांगी, हर्ष गुर्जर, हर्षवर्धन राठौड़ सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

**नाबालिग से किया था दुराचार**

# कोर्ट से 20 साल का कारावास प्राप्त दोषी शिक्षक को विभाग ने किया सेवा से पृथक

**राजगढ़।** एक नाबालिग बालिका से दुराचार के दोषी शिक्षक को विभाग द्वारा पूर्व में सस्पेंड किए जाने के बाद अब संबंधित उमावि शिक्षक को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है।

न्यायालय द्वारा उक्त शिक्षक पर दोष सिद्ध होने के बाद 20 साल की सजा सुनाई गई, जिसके चलते अब संबंधित दुराचारी शिक्षक को विभाग ने डिसमिस कर दिया है। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार कन्याशाला खिलचीपुर में पदस्थ उच्चतर माध्यमिक शिक्षक सतीश कुमार सौलंकी ने साल 2023 में एक नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित की था। खिलचीपुर


लोक शिक्षण संचालनालय म०प्र०
गौतम नगर, भोपाल–452021
ई–मेल: est2-dpi@mp.gov.in
क्र. स्था–2/एच/उमाशि/अप.प्र./560/2025/1539 भोपाल, दिनांक 19/8/2025
//आदेश//
श्री सतीश कुमार सोलंकी, उच्च माध्यमिक शिक्षक (निलंबित), शा.क.उ.मा.वि. खिलचीपुर जिला राजगढ़ को आपराधिक प्रकरण क्रमांक 601/2023 दर्ज होने से जेल में निरुद्ध होने के कारण संचालनालय के आदेश [illegible] 23–24 दिनांक 03.01.2024 को निलंबित किया गया था।
2. तदुपरांत श्री सतीश कुमार सोलंकी उच्च माध्यमिक शिक्षक शा.क.उ.मा.वि खिलचीपुर जिला राजगढ़ के विरुद्ध थाना खिलचीपुर अंतर्गत अपराध क्र 601/2023 धारा 363, 366, 376 (2–एन), 376 (2), भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 5 (एफ) (एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं 3 (2) [illegible] (5ए) अनुसूचित एवं अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत दोष सिद्ध मानकर [illegible] विशेष न्यायाधीश राजगढ़ द्वारा निर्णय दिनांक 27.01.2025 को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया।
3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के दिनांक 08.02.1999 के अनुसार शासकीय सेवक यदि किसी आपराधिक प्रकरण में न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध पाये जाते है जिसमें उनका नैतिक अधोपतन हो तो यह अपेक्षा है [illegible] उसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 (नौ) में प्रावधानित "सेवा से पदच्युत" करने की शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए। [illegible]
4. अतः श्री सतीश कुमार सोलंकी उच्च माध्यमिक शिक्षक, शा.क.उ.मा.वि. खिलचीपुर जिला राजगढ़ को आपराधिक प्रकरण में दोष सिद्ध होने तथा नैतिक अधोपतन होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10(नौ) के तहत "सेवा से पदच्युत" (Dismissal) किया जाता है।
(शिल्पा गुप्ता)
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश
पृ. क्र. स्था–2/एच/उमाशि/अप.प्र./560/2025/1540 भोपाल, दिनांक 19/8/2025
प्रतिलिपि :–
1/ सचिव, म०प्र० शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2/ महालेखाकार, ग्वालियर, म.प्र.।
3/ कलेक्टर जिला राजगढ़, म.प्र.।
4/ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल, म.प्र.।
5/ जिला कोषालय अधिकारी राजगढ़, म.प्र.।
6/ जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
7/ श्री सतीश कुमार सोलंकी (निलंबित) उच्च माध्यमिक शिक्षक शा.क.उ.मा.वि खिलचीपुर राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

थाने में इस बारे में दुराचारी दीपक सोलंकी पर एफआईआर दर्ज होने के बाद विभाग ने उन्हे निलंबित कर दिया था। न्यायालय में दो साल तक चली सुनवाई में कोर्ट ने सतीश को दोषी करार देते हुए 27 जनवरी 2025 को सुनाए अपने फैंसले में उसे 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया। न्यायालय से मिली उक्त सजा सजा के चलते शिक्षक पद की गरिमा को धूल में मिलाने वाले सतीश सोलंकी को अब सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया गया है। सोमवार को खिलचीपुर क्षेत्र के कोयला प्रावि शाला के शिक्षक जगदीश प्रसाद दांगी को भी विभाग से सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया था।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था के तत्वावधान में होगा आयोजित

# आगामी 24 को राजगढ़ में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर


**राजगढ़।** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुप्स के रक्त की कमी बनी हुई है। आलम यह है कि इमरजेंसी केसेज वाले मरीजों को भी समय पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा आगामी 24 अगस्त को खिलचीपुर नाके समीप स्थित अंजनीलाल मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। संस्था प्रमुख मधु दीदी ने बताया कि संस्था की पूर्व प्रशासिका प्रकाशमणिजी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करवाया जाएगा।



यह शिविर सर्व समाज के व्यक्तियों, संस्थाओं, समितियों के सहयोग से आयोजित होगा। शिविर की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर संस्था के सेवाकेंद्र में नगर के प्रबुद्धजनों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के बारे में सभी को जानकारी प्रदान करते हुए सुझाव आमंत्रित किए गए। शिविर हेतु गायत्री परिवार, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, कृपा वेलफेयर सोसायटी, गौसेवा समिति, विजयवर्गीय समाज, मेड़तवाल समाज, ब्रहामण समाज, सोनी समाज, मेवाड़े समाज, करणी सेना, विद्यार्थी परिषद सहित अन्य समाजों एवं संस्थाओं से आयोजन को सफल बनाने का आश्वासन मिला है।

# श्री खाटू श्याम मंदिर का हुआ अद्भुत श्रृंगार

### एकादशी पर उमड़ी श्रद्धालओं की भीड़



**ब्यावरा।** स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अजा एकादशी पर भक्तों की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने उज्जैन से 51 किलो लाल गुलाब मंगवाकर बाबा का विशेष श्रृंगार किया। मंदिर परिसर को इस अवसर पर सजाया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की भारी संख्या रही। शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। एक दिन में लगभग 70 हजार भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं। भक्त उत्साह से नृत्य करते हुए चल रहे थे। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा निकली। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक बाबा को निशान समर्पित किए।अजा एकादशी का विशेष महत्व है। यह भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह 24 एकादशी व्रतों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत रखने और श्रीहरि का स्मरण करने से पाप नष्ट होते हैं। साथ ही आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मंदिर में हर एकादशी को हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अजा एकादशी के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए सिटी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं को भी व्यवस्था के लिए लगाया गया। अधिक भीड़ होने के कारण हाइवे का रूट डायवर्ट किया गया। जिससे आने जाने वाले सभी वाहनों को एक ही लेन से निकाला गया।

## एनएफएल प्रबंधन पर वेतन और ओवर टाइम का पैसा न देने का आरोप

# सपा ने की बाढ़ के मृतकों के परिवारों को सरकारी नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं और बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ जन सुनवाई में एक मांग पत्र देकर बाढ़ के मृतकों परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग जिला प्रशासन से की है। इस संदर्भ में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बाढ़ के पानी में बहकर लक्ष्मीनारायण पुत्र मान सिंह कोरी की मृत्यु हो जाने के साथ ही बाढ़ के दौरान से लापता बबलू पुत्र ऊधम सिंह कुशवाह के मामले को उठाते हुए उसे तलाशे जाने की मांग की है। उन्होंने दोनों मामलों में मृतकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की है। इसी तरह पार्टी ने मुगलपुर निवासी सीताराम की बाढ़ के दौरान मौत हो जाने के मामले को उठाते हुए मृतक के परिवार में नौकरी की। मांग की है। वहीं उन्होंने इन सभी के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए की सहायता राशि भी देने की मांग की है।

### कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा समय पर वेतन



एनएफएल में काम कर रही द इंपीरियल इलेक्ट्रिकल में कार्यरत कर्मचारियों ने प्रबंधन पर वेतन और ओवर टाइम का पैसा न देने के आरोप लगाते हुए आज दोपहर में जन सुनवाई में जिला प्रशासन से शिकायत की है। इस संदर्भ में कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों ने लेखी शिकायत करते हुए कहा है कि वे द इंपीरियल इलेक्टिकल के ठेकेदार प्रदीप कपूर के लिए कार्य करते हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि उक्त ठेकेदार द्वारा माह मई और जून का आज तक उन्हें ओवर टाइम का पैसा नहीं दिया है, यही नहीं ओवर टाइम सहित जुलाई माह का वेतन भी उन्हें अभी तक नहीं मिल पाया है। इन कर्मचारियों के अनुसार वे पिछले एक वर्ष से इसी तरह की परेशानी झेल रहे हैं। ठेकेदार द्वारा कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता है, जबकि वेतन के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख तय है, लेकिन उन्हें हर माह 20 तारीख के बाद ही वेतन मिल पाता है, जिससे सभी कर्मचारियों को हर माह में ही आर्थिक परेशानी उठाना पड़ रही है।

यही नहीं इस आशय की जानकारी एनएफएल मैनेजमेंट को देने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है। इसी कारण से उक्त सभी कर्मचारी गत दिवस से काम बंद कर हड़ताल पर भी चले गए हैं। इसी पर से इन कर्मचारियों ने सभी के लंबित वेतन और ओवर टाइम का पैसा दिलाने के साथ ही हर माह की 7 तारीख तक वेतन दिलाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## नो एंट्री में वाहन खड़े किए, काटे 16 चालान

**आष्टा।** शहर में त्योहारों का दौर चल रहा है। रोजाना जुलूस और जलसे निकल रहे हैं। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक नो एंट्री में वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। ट्रैफिक इंचार्ज शशिकांत शर्मा लगातार ऐसे वाहनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। मंगलवार को यातायात पुलिस ने शहर में भ्रमण के दौरान नियम तोड़ने वाले चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की। 7 चालान बनाए गए। 3500 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। चालकों को नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।सोमवार को भी यातायात पुलिस ने शहर में भ्रमण कर 9 चालान बनाए। 8800 रुपए शमन शुल्क वसूला गया।

## मंडी में 6902 क्विंटल की रही आवक


**आष्टा।** मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश का सिलसिला चलता रहा। उसके बावजूद भी कृषि उपज मंडी में आवक 6902 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं सुजाता 3220 से 4266, गेहूं लोकवन 2900 से 3120, गेहूं पूर्णा 2820 से 2975, गेहूं मालवराज 2500 से 2535, गेहूं मिल 2201 से 2570, चना कांटा 4400 से 5950, चना मौसमी 5700 से 6300, चना सफेद 6095 से 8280, चना काकटू 5500 से 6350, सोयाबीन पीला 2300 से 4762, मसूर 4730 से 6981, राई 6451 से 6696, मुंग 6600 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। वहीं फल सब्जी मंडी में प्याज 300 से 1619, लहसुन 1100 से 6010 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। कुल आवक 1309 क्विंटल रही।

### जनसुनवाई में आए नागरिकों की विधायक ने सुनी समस्याएं

# दिव्यांग कल्याण और विकास परिषद के सदस्यों ने मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र

### दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन 600 से बढ़ा कर 5 हजार करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के सदस्य आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुचे । दिव्यांग जनों ने 10 सूत्रीय मांग पत्र विधायक को सौपा एवं उनकी मांगों को शासन तक पहुचने एवं उन मांगो को पूर्ण कराने की मांग की। सौपे गये मांग पत्र में मांग की गई कि अभी दिव्यांजनो को 600 पेंशन मिलती है सरकार उसे बढ़ा कर 5 हजार करे। दिव्यांग जनों को एवं आये अन्य ग्रामीणोंजनों को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भरोसा दिया कि उनकी समस्या को जल्द हल कर जो मांग शासन स्तर की है उसे वे शासन तक पहुचायेंगे। जनसुनवाई में कई ग्रामो से ग्रामीण विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुचे। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । आज बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है । आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये । आज जनसुनवाई में कई विभागों के 44 आवेदन प्राप्त हुए उन्हें निराकरण हेतु भेजे गये । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे।

मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में दिव्यांजनो की दस सूत्रीय मांगों के साथ घाटे वाले बाबा स्थल पर चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कराने, किसान सम्मन निधि अप्राप्त होने की शिकायत,मकान का पट्टा दिलाने, ग्राम टिंगम टेकरी मांडा गुराडिया तहसील जावर में मकान का पट्टा दिलाने,करंट लगने पर आर्थिक सहायता प्रदाय हेतु,स्पेशल मोबाइल एवं दिव्यांगों के लिए छड़ी प्रदाय हेतु मांग पत्र,दुपाड़िया से मुंदीखेड़ी तक रोड एवं डीपी हेतु आवेदन, अज्ञात वाहन से टक्कर मारने पर सहायता राशि दिलाने,काजीपुरा वार्ड क्रमांक 9 आष्टा में बाउंड्री वॉल एवं तीन पहिया वाहन दिलाने,ग्राम पंचायत अरनिया जोहरी में वाधयन्त्र हेतु राशि



स्वीकृत करने, इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहन हेतु आवेदन,आर्थिक सहायता की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम क्रस्ति प्रदाय हेतु मांग सहित अन्य 44 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है । विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गए।

# राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी से पैतृक जमीनें हुईं दूसरों के नाम, जमा रहे कब्जा

### किसानों ने त्रुटि सुधारने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम अमरपुरा (तहसील बागली) के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राजस्व नक्शों में व्याप्त त्रुटियों को तत्काल सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि ग्राम अमरपुरा की भूमि का बंदोबस्त कार्यवाही के दौरान तैयार किया गया नक्शा त्रुटिपूर्ण है, जिसके कारण किसानों की पैतृक कृषि भूमि पर अन्य लोगों के नाम दर्ज हो रहे हैं। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेलवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान मुआवज़े की राशि असली भूमिधारकों को न मिलकर दूसरों को मिल रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि माफिया केवल राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर ज़मीन खरीद रहे हैं और असली भूमिधारकों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। इसके चलते गाँव में आए दिन विवाद और झगड़े हो रहे हैं, मगर प्रशासन और राजस्व विभाग शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा। किसानों ने कहा कि वे तहसीलदार और एसडीओ (राजस्व) बागली को भी कई बार आवेदन दे चुके हैं, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही से किसान मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। ज्ञापन में जिलाधीश से मांग की गई कि अमरपुरा ग्राम की राजस्व भूमि का सही नक्शा तैयार करने, बंदोबस्त कार्यवाही में हुई त्रुटियों की जांच कराने और दोषियों पर कार्यवाही के लिए विशेष राजस्व दल गठित किया जाए। ज्ञापन सौंपते अभिषेक, मनोहर सिंह, गोपाल सेंधव, पर्वत सिंह, भीमसिंह, रायसिंह, मुकेश, देवेन्द्र, किशोर, अशोक, सुरेन्द्र, मुनेश पटेल, इंदर, उदयसिंह, मानसिंह, नारायण सिंह, संतोष, शंकरलाल, सिद्धू, मनोहर, देवनारायण, श्रवण, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहकर न्याय की गुहार लगाई।

# जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा उपस्थित हुए। महार्षि पतंजलि की जिला प्रभारी नेशनल कोच रेखा बत्रा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रही। सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना के पश्चात



कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में परम्परागत कलात्मक एवं जुनियर एवं सीनियर केटेगिरी में 38 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भोपाल से नीतु परवाल, पूजा मुदगल, एवं निशी हेमनानी ने भाग लिया। जिला संयोजक विकास महाजन ने सभी का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मेडल तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास ने किया तथा आभार जिला योग समिति अध्यक्ष विजय राठौर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम विश्वकर्मा, पंकज, अनूप, माधव यादव, मंजू प्रजापति, वर्षा शर्मा, आनंद चंदेल आदि उपस्थित रहे।

## मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश पहुंचा ग्राम पोलाय, खंडित मूर्ति मामले में ली जानकारी



**चापड़ा।** ग्राम पोलाय में स्थित श्री राम मंदिर में अज्ञात बंदमाशो द्वारा मूर्ति खंडित की गई थी।इसके तहत मंगलवार के दिन मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश द्वारा श्री राम मंदिर में मंदिर पुजारी द्वारा श्रीराम जी श्री लक्ष्मण जी एवं माता जानकी जी की मूर्ति खंडित कर देने के विषय में विस्तृत जानकारी ली गई एवं थाना प्रभारी कमलापुर से फोन पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली गई। वही संगठन द्वारा पुलिस को आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया है की आरोपी जो भी उसे बख्शा नहीं जायेगा संगठन द्वारा इस घृणित कार्य करनेवाले की कड़े शब्दों में इस की घोर निन्दा करता है प्रदेश संगठन इस घृणित करने वाले के खिलाफ यदि शासन प्रशासन एक्शन नहीं लेता है तो संगठन द्वारा प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। मठ मंदिर पुजारी संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र महंत, संगठन मंत्री कपिल बैरागी, दिनेश बैरागी आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। इस मामले में पुलिस व्दारा जांच की जा रही है।इस दौरान ग्रामीण शुभम यादव, गंगाराम जाट, मुकेश गरिया, अजय जाट, प्रवीण गरिया, विशाल पिला, सूरजमल जाट आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने नशा मुक्त अभियान का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विगत दिवस 15 अगस्त को ग्राम पचांयत बैदाखेडी की महिलाओं ने आगे बढकर ग्राम में नशा मुक्ति अभियान के बारे में समस्त ग्रामवासियों को अवगत करवाया तथा एक आवेदन देकर ग्राम सभा का ठहराव प्रस्ताव रखवाया। उक्त प्रस्ताव के दौरान उपस्थित समस्त ग्रामीणजनों ने शपथ ग्रहण समारोह रखवाया। उपस्थित महिलाओं ने बताया कि नशाखोरी के कारण आए दिन लडाई झगडे आदि चलते रहते है, ग्राम के चैराहे पर माताएं बहने परेशान होती है। उक्त नशाखोरी के कारण घर घर में विवाद की स्थिति भी बनती रहती है।

नशाखोरो का बहुत ही आतंक ग्राम में फैल रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया, तथा नशा मुक्त की एक मुहिम चालु कर नशा मुक्त पंचायत का संकल्प लिया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासियो ने बढचढ कर हिस्सा लिया। 18 अगस्त को ग्राम पंचायत बैदाखेडी द्वार अनुविभागीय अधिकारी महोदय पुलिस, एसडीओपी महोदय एवं थाना प्रभारी आष्टा को




एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि ग्राम पंचायत बैदाखेडी को नशा मुक्त अभियान समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर रखा है। उक्त अभियान के अंतर्गत समस्त ग्रामवासियों को नशा मुक्ती का संकल्प भी दिलवाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति इस अभियान के अंतर्गत कोई नशा कर बाधा डालता है तो उक्त व्यक्तियों पर कार्यवाही आपके द्वारा की जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालो में सरंपच देवकला खेलवाल, सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र खेलवाल, सचिव रमेश सेन, रोजगार सहायक नरेन्द्र, पंच शन्नी जाटव, पंकज जाटव, कैलाश मालवीय, राकेश कनोजिया, सतिश, छम्बुलाल, जालम सिंह, किशनलाल खेलवाल, धर्मेन्द्र धनगर, कोटवार अनिता, सेजु बाई, संपद बाई, राजकुंवर बाई, शारदा बाई, सांवत्रा बाई, शांता बाई सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर स्व. पवार को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा गतिविधि के अंतर्गत वासुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर देवास के प्रथम फोटोग्राफर एवं आर्टिस्ट स्व. गणपत राव पवार साहब को नमन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉक्टर जीडी सोनी सर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती एवं स्व.गणपत राव पवार के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि गंगाजल, राजनीति, अग्निपथ इत्यादि फिल्मो के अभिनेता चेतन पंडित, मुख्य वक्ता




साहित्यकार रमेश भावसार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्यामदास सोनी ने की।अतिथियों क स्वागत वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं मराठा समाज के पूर्व सचिव बालासाहेब पलसे,डॉ.अनीता भाना,फोटोग्राफर उमेश नामदेव तथा कनिका पवार ने किया। कार्यक्रम की भूमिका अमित राव पवार ने रखी। मुख्य वक्ता भावसार ने उपस्थित छात्राओं एवं अन्य लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. गणपत राव पवार सा.जो की देवास शहर के प्रथम फोटोग्राफर एवं आर्टिस्ट(देवास स्टेट) रहे उनके व्यक्तित्व एवं प्रतित्व पर प्रकाश डालते हुए फोटोग्राफी के क्षेत्र में जो कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का अहम हिस्सा है। इसकी बारीकियां को एवं पवार साहब के कार्यक्षेत्र को बड़े ही सरल शब्दों में व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि फ़ल्मि अभिनेता पंडित ने कहा कि देवास की संस्कृति एवं कला में स्व. पवार साहब की अहम भूमिका रही है। छात्राओं के मध्य विचार साझा करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के साथ-साथ एक अन्य हुनर भी आपके पास होना चाहिए जो कि आपकी रुचि अनुसार संगीत, नृत्य,अभिनय इत्यादि कुछ भी हो सकता है। यह आगे जाकर आपके रोजगार और जीविकोपार्जन का साधन भी बन सकता है। इस अवसर पर समस्त अतिथियों, महाविद्यालय स्टाफ, छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई तथा महाविद्यालय परिसर में समस्त अतिथियों द्वारा स्व. पवार की स्मृति में पौधारोपण कर पर्यावरण का समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शर्मिला काटे एवं आभार फोटोग्राफर एसोसिएशन सदस्य राजू पौराणिक ने किया माना।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई

# राजीव गांधी ने आधुनिक भारत बनाने का सपना देखा था: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक नगर कांग्रेस आष्टा द्वारा कम्युनिटी हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की जयंती पर माल्यार्पण कर मनाई राजीव जी को याद करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने जीवन में देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजीव गांधी जी एक ऐसे नेता थे जिन्होंने भारत को 21 वीं सदी के आधुनिक भारत बनाने का सपना देखा था। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश में तकनीकी क्रांति लाने का प्रयास किया और भारत को डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए कदम उठाए और जवाहर नवोदय विद्यालय प्रणाली की स्थापना की।

राजीव गांधी ने महिला सशक्तिकरण के लिए भी महत्वपूर्ण काम किया और महिलाओं को 33% आरक्षण दिलवाने का काम किया। राजीव गांधी जी की विरासत आज भी हमें प्रेरित करती है और हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। वही आज देश में जिस तरह से लोकतांत्रिक संस्थाओं को सरकार नष्ट कर विसनीयता लोगो के बीच में कम हो रही हे ऐसे



में लोकसभा विपक्ष के नेता लोकतंत्र को बचाने में दिन रात मेहनत कर रहे हे हम सब आगे आकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाने का काम करे। आयोजित हुए उपरोक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, महेश मुंडीखेड़ी, जाहिद खान गुड्डू, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, एच आर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, खालिद पठान, सनावर खान, नरेंद्र कुशवाह, लोकेंद्र बनावट,रईस खान, शहीद टेलर, रमेश मेवाड़ा, नवाब बेरी,प्रेम पटरिया, रामचरण दवरिया,राजेश यादव, कमल सेठ, अरविंद मेवाड़ा, देवराज परमार, गोरे मियां, महेश वर्मा,नवाब बेरी, डॉ इजाज खान, महबूब खान, रसीद नेताजी,निलेश पटेल,गोलू हाजीपुर, शंकर सक्सेना, बबन पटेल, विजय पाटीदार, चेतन भाटी, रिजवान, कुलदीप ठाकुर, राहुल पटरिया, राहुल नौगांव, अशोक मंडलोई, दिलीप मालवीय,कृपाल तोमर, यशवत मालवीय,रवि ठाकुर, नदीम शेख आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 'वसुधैव कुटुंब' की अवधारणा पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता डॉ रचना श्रीवास्तव ने कहा, हमारी मान्यता रही है कि पूरा विश्व एक परिवार है। हम न केवल पृथ्वी पर, बल्कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड में शांति चाहते हैं। शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व हमारी सोच का हिस्सा है। हमें देश की कालातीत दृष्टि पर गर्व होना चाहिए। डॉ रचना ने कहा, हमें धन की अंधी दौड़ से बाहर निकलना होगा। संयुक्त परिवार की संस्कृति को फिर से अपनाना होगा। जी-20 सम्मेलन 2023 का विषय भी 'वसुधैव कुटुंबकम' रखा गया। यह भारतीय संस्कृति और विचारधारा की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दीपेश पाठक ने कहा, वसुधैव कुटुंब वही है, जो एक-दूसरे के सुख की कामना करता है और उसके लिए प्रयास करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने की। उन्होंने कहा, मानवता सबसे बड़ा धर्म है। महाविद्यालय भी एक परिवार की तरह है। उन्होंने कहा, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मनोविज्ञान, भाषा, जलवायु, संस्कृति, धर्म और सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखा गया है। कार्यक्रम में डॉ मधुरानी, डॉ कुमकुम अग्रवाल, सुरेंद्र यादव, डॉ अमिला पटेल, सपना ताम्रकार, डॉ ललित राय, डॉ बेला सुराना, डॉ मेघा जैन, पवन पिपलोदिया, दीपक मालवीय, जगदीश नागले, वसीम खान, जयपाल विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, वैभव सुराणा, सतेंद्र सक्सेना, रेणुका पचलसिया सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।